## सुरक्षा से लेकर सुविधाओं तक हर व्यवस्था की हुई पड़ताल, संचालकों को दिए स्पष्ट निर्देश

# कोचिंग और लाइब्रेरी पर प्रशासन की पैनी नजर

**जायजा**

बृजेंद्र वीर सिंह






> निरीक्षण के दौरान अध्ययन कक्षों की व्यवस्था, बैठने की क्षमता, स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और अनुकूल अध्ययन वातावरण मिले।

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हजारों छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर प्रशासन ने मंगलवार को बड़ा निरीक्षण अभियान चलाया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न लाइब्रेरी एवं कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रामेश्वरम लाइब्रेरी, परफेक्ट डिजिटल लाइब्रेरी, सौम्या लाइब्रेरी, एसएस फाउंडेशन क्लासेज और सिग्मा ट्यूटोरियल्स कोचिंग संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों से लेकर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तक हर पहलू की गहन समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने संस्थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रवेश और निकास बिंदुओं की निगरानी प्रभावी होनी चाहिए। सभी कैमरे नियमित रूप से संचालित रहें और उनका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए संचालकों को सतर्कता बरतने और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संस्थानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन हर समय उपलब्ध और क्रियाशील रहें। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस नीतीश तिवारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### अग्निशमन व्यवस्था और इमरजेंसी निकास पर विशेष फोकस

अधिकारियों ने संस्थानों में लगे अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता की जांच की। साथ ही आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए बनाए गए इमरजेंसी एग्जिट मार्गों का भी निरीक्षण किया गया। विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, भवन की सुरक्षा और अन्य आवश्यक संसाधनों की स्थिति की भी जानकारी ली गई। जहां आवश्यक हुआ, वहां संचालकों को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

# मुहर्रम से पहले अकबरपुर में फ्लैग मार्च संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी निगरानी

## लोरपुर सहित मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस और पैरामिलिट्री का मार्च

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सोमवार को अकबरपुर के लोरपुर समेत कई मुस्लिम बाहुल्य और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस और पैरामिलिट्री बल ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च ताजिया जुलूस के पारंपरिक मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस वाहन भी टीम के साथ मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च के दौरान संवेदनशील इलाकों और जुलूस मार्गों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना रहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

मार्च के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिया।

इलाके में सुरक्षा बलों की मौजूदगी से सामान्य माहौल बना रहा और लोगों में सुरक्षा का भरोसा देखा गया।

इस मौके पर एसडीएम प्रतीक्षा सिंह और सीओ नीतीश कुमार तिवारी ने बताया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस मार्गों का चिह्नांकन कर लिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

प्रशासन ने संकेत दिया है कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था लगातार सक्रिय रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती और नियमित गश्त की व्यवस्था की जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### शहजादपुर सब्जी मंडी में कूड़े का अंबार

अम्बेडकरनगर। शहजादपुर स्थित पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में कूड़े के ढेर और गंदगी का मामला सामने आया है। मंगलवार रात क्षेत्र में फैले कचरे और अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था का दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। क्षेत्र की विशेष बात यह है कि यहां से मोहर्रम के छठवीं तारीख के जुलूस का मार्ग भी गुजरता है।

### आबादी के बीच देसी शराब की दुकान का विरोध

अम्बेडकरनगर। बेवाना क्षेत्र के मूसईतपुर गांव में संचालित देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर दुकान को आबादी वाले क्षेत्र से हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि देसी शराब की दुकान घनी आबादी के बीच स्थित है। दुकान के आसपास स्कूल, मंदिर और बड़ी संख्या में आवासीय मकान हैं। ऐसे क्षेत्र में शराब की दुकान संचालित होने से स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मिशन शक्ति केंद्र में सुलझा पति-पत्नी का विवाद

अम्बेडकरनगर। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में मंगलवार को एक पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराया गया। पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवाद और घरेलू कलह से संबंधित प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को केंद्र पर बुलाया।

## एसपी कार्यालय में जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक मामले में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, उत्पीड़न तथा अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सीधा मंच उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई की व्यवस्था संचालित की जा रही है, ताकि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।

- आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए प्रकरण

# यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील

## उर्वरक वितरण के लिए किसान पहचान पत्र और फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। जिले में खरीफ सीजन को देखते हुए यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

जून माह तक जिले में यूरिया के लक्ष्य 7135 मीट्रिक टन के सापेक्ष 27068 मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया। इसी तरह डीएपी 2650 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 5874 मीट्रिक टन, एनपीके 484 मीट्रिक टन के सापेक्ष 3566 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 3427 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 16986 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ।

वितरण के बाद वर्तमान में जिले में 21594 मीट्रिक टन यूरिया, 4354 मीट्रिक टन डीएपी, 3116 मीट्रिक टन एनपीके, 15163 मीट्रिक टन एसएसपी और 122 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है।

जिले के सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को किसान पहचान पत्र और फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही उर्वरक बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शाम छह बजे के बाद उर्वरक बिक्री पर रोक लगाई गई है।

निर्देशों का उल्लंघन करने वाले निजी एवं सहकारी क्षेत्र के विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### बिना फार्मर रजिस्ट्री नहीं मिलेगा उर्वरक

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री जल्द कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं बनी है, वे पंचायत सहायक, जन सेवा केंद्र या कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की मदद से पंजीकरण करा सकते हैं। इससे उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

## अब पशुपालकों को घर पर मिलेगी त्वरित पशुचिकित्सा सेवा

### मोबाइल वेटरिनरी यूनिट को लेकर नए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले में पशुपालकों को आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाएं और बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (एमवीयू) सेवा को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को शासन की नई व्यवस्था के अनुसार सेवा संचालन सुनिश्चित करने को कहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मोबाइल वेटरिनरी यूनिट योजना का उद्देश्य पशुपालकों को उनके घर के पास त्वरित और गुणवत्तापूर्ण पशुचिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। नई व्यवस्था के तहत जिले में संचालित सभी मोबाइल वेटरिनरी यूनिट वाहनों का उपयोग पूरी तरह आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं के लिए किया जाएगा।

इससे बीमार और घायल पशुओं के उपचार में तेजी आएगी तथा पशुपालकों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मोबाइल वेटरिनरी यूनिट प्रतिदिन निर्धारित ग्रामों में पहुंचेगी। वहां शिविर लगाकर पशु चिकित्सा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, रोग नियंत्रण और विभागीय योजनाओं की जानकारी से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 1962 पर प्राप्त शिकायतों और कॉलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

## 'पीडीए' पर सवालों की बौछार, कटारिया बाग सम्मेलन में सपा पर सीधा हमला

# बसपा का शक्ति प्रदर्शन

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। अकबरपुर स्थित कटारिया बाग में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता सम्मेलन ने राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया। मंच से प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे को लेकर तीखे सवाल उठाए और इसे राजनीतिक दिखावा बताया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा का पीडीए नारा जमीन पर उतना प्रभावी नहीं दिखता, जितना मंचों से प्रचारित किया जाता है। उन्होंने इसे 'राजनीतिक ढोंग' बताते हुए कहा कि जनता अब वास्तविकता और प्रचार के फर्क को समझने लगी है।

उन्होंने दावा किया कि सपा की राजनीति में परिवार केंद्रित निर्णय प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जबकि सामाजिक न्याय का दावा केवल भाषणों तक सीमित रहता है। कार्यकर्ता सम्मेलन का सबसे बड़ा राजनीतिक संकेत अकबरपुर विधानसभा सीट को लेकर रहा। प्रदेश अध्यक्ष ने मनोज वर्मा को इस सीट का प्रत्याशी और प्रभारी घोषित किया।

घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और इसे संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सम्मेलन में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान पर फोकस किया गया। पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लेकर पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। अकबरपुर में हुए इस सम्मेलन के बाद जिले की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सपा और बसपा के बीच बयानबाजी ने आने वाले समय में राजनीतिक मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।

### परिवारवाद पर केंद्रित रहा हमला

सम्मेलन में बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण और संगठनात्मक फैसलों में सीमित परिवारों का प्रभाव स्पष्ट दिखता है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कई क्षेत्रों में एक ही परिवार के लोग अलग-अलग सीटों पर चुनाव लड़ते हैं, जिससे पार्टी की आंतरिक राजनीति पर सवाल उठते हैं।

### ब्राह्मण समाज को लेकर बसपा का दावा

ब्राह्मण मतदाताओं के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ने हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर राजनीति की है। उन्होंने 2007 के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय की सामाजिक समीकरण रणनीति को प्रदेश में व्यापक समर्थन मिला था।

# बिजली विभाग पर रिश्वत और फर्जी मुकदमे का आरोप

## उपभोक्ता ने 12 हजार रुपये मांगने का लगाया आरोप, विभागीय जांच शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) के एक कर्मचारी और दो संविदा कर्मियों पर रिश्वत मांगने और रिश्वत न देने पर उपभोक्ता के खिलाफ कथित रूप से फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के आरोप सामने आए हैं। मामला सामने आने के बाद एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि, ऑडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

आरोप है कि बिजली विभाग के TG-2 कर्मचारी अंकित सिंह और संविदा कर्मी विपुल व विवेक वर्मा ने उपभोक्ता अनिल कुमार पाल से 12 हजार रुपये की मांग की। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर बातचीत के दौरान रकम को लेकर चर्चा सुनाई दे रही है। उपभोक्ता का कहना है कि 17 तारीख को बिजली जांच टीम उसके घर पहुंची थी और कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। आरोप है कि 18 तारीख को रिश्वत की मांग दोबारा की गई। जब उपभोक्ता ने पैसे देने से इनकार किया तो 19 तारीख को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया। उपभोक्ता का दावा है कि उसने बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी, जिसका ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

मामले को लेकर अधिशासी अभियंता ने कहा है कि शिकायत की जांच कराई जा रही है। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल मामला जांच के स्तर पर है। विभागीय रिपोर्ट के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## भरत भूषण तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि निष्पक्ष जांच की मांग



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। टांडा ब्लॉक के यादवपुर गांव स्थित श्री विघ्नहरण हनुमान मंदिर परिसर में भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण, नवयुवक और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान और समर्पण को याद किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। लोगों का कहना है कि घटना की परिस्थितियों की गहन जांच जरूरी है। ग्रामीणों ने कहा कि सत्य सामने आना चाहिए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सभा में मौजूद लोगों ने न्याय व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखने के लिए पारदर्शी जांच की आवश्यकता बताई। सभा में मौजूद युवाओं ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे।

- श्री विघ्नहरण हनुमान मंदिर परिसर में जुटे ग्रामीण और समाजसेवी

**निर्देश : बच्चों के स्वास्थ्य, वजन निगरानी और पुष्टाहार वितरण पर फोकस**

# पोषण योजनाओं की समीक्षा बैठक में धीमी प्रगति पर नाराजगी

- एनआरसी रेफरल और कुपोषण मुक्ति अभियान पर जोर
- मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिदिन समीक्षा कर प्रगति में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- विभागीय समन्वय से तेज होगी प्रगति

तमसा संकेत, संवाददाता



> बैठक में अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) भेजने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, वजन निगरानी, पुष्टाहार वितरण और कुपोषण मुक्त अभियान की स्थिति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ हर पात्र बच्चे तक समय से पहुंचना चाहिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और मुख्य सेविकाएं मौजूद रहीं।

अधिकारियों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित निगरानी पर जोर दिया, ताकि पोषण अभियान के लक्ष्य समय पर पूरे किए जा सकें।

### खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस, 3 दिन में सुधार के निर्देश

समीक्षा के दौरान कुछ परियोजनाओं की प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिन के भीतर सभी संबंधित परियोजनाएं अपनी प्रगति में सुधार लाएं। अन्यथा संबंधित अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## राजेसुल्तानपुर में भूमि विवाद में पुलिस पर पक्षपात का आरोप

### कोर्ट में लंबित मामले के बीच जबरन निर्माण कराने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक महिला ने थानाध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम सरायहंकार निवासी चानमती ने शिकायत में कहा है कि उसके घर के सामने स्थित भूमि पर विपक्षी पक्ष द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

पीड़िता के अनुसार मामला न्यायालय में विचाराधीन है और यह वाद अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट में लंबित है।

महिला ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी भी दी जा रही है।

पीड़िता का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में उसे घर से हटाने और जमीन पर कब्जा दिलाने का दबाव बनाया गया।

महिला ने आशंका जताई है कि विवाद के चलते उसके परिवार के साथ किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है। उसने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

# दोस्त को शराब पिलाकर ईंट से कूच डाला

वारदात

## आर्मी ग्राउंड में खून से सनी लाश मिली, घरवाले बोले- तालिब का एनकाउंटर हो

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में दोस्त ने शराब पिलाकर युवक की हत्या कर दी। सोमवार सुबह आर्मी ग्राउंड में खून से लथपथ युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस की जांच में सामने आया कि विपिन की हत्या उसके दोस्त तालिब ने पुरानी रंजिश के चलते की। दोनों ने रविवार रात साथ बैठकर शराब पी, जिसके बाद तालिब ने ईंट से कूच कर विपिन को मार डाला। तालिब विपिन के शव के पास ही उसकी बाइक छोड़कर भाग गया। विपिन के परिवार वालों के साथ हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। सभी तालिब के घर बुलडोजर एक्शन और उसके एनकाउंटर की मांग करने लगे। पुलिस अफसरों ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी तालिब को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि विपिन से 20 दिन पहले किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इसी के चलते उसने प्लानिंग के तहत विपिन को बुलाया। उसे खूब शराब पिलाई। जब विपिन ज्यादा नशे में हो गया तो उसे आसानी से ईंट से वार कर मार डाला। विपिन की हत्या की बात सामने आते ही सचिन समेत तमाम हिंदू संगठनों से जुड़े नेता विपिन के घर पहुंचे।



विपिन, मृतक

### परिवार वाले बोले- एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी मिले

घरवालों ने कहा कि परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और मुआवजा दिया जाए। जैसे हमारे बच्चे की लाश आई है, वैसे आरोपी तालिब की भी लाश उसके घर भेजी जाए। जैसे हमारे बच्चे को मारा, उसे भी मारा जाए।

**एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया- कंकरखेड़ा थाना के आर्मी ग्राउंड में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना पुलिस सहित मैं स्वयं मौके पर पहुंचा। शव की पहचान विपिन के रूप में हुई जो वहीं पास में ही रहता है।**

### रविवार रात 8 बजे से गायब था विपिन

सोमवार सुबह कंकरखेड़ा के आर्मी ग्राउंड में एक अज्ञात शव पड़ा मिला था। शव के ऊपर बाइक पड़ी हुई थी। आते-जाते लोगों ने लाश देखी तो 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस सहित एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे। शव की पहचान न्यू गोविंदपुरी निवासी विपिन के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे विपिन के घरवालों ने बताया कि विपिन मजदूरी करता था। वह रविवार रात 8 बजे से गायब था। उसका फोन बंद था। हम लगातार उसे कॉल कर रहे थे, लेकिन बात नहीं हो पा रही थी। रातभर वो घर नहीं आया। विपिन की हत्या की गई है, क्योंकि उसकी लाश खून से लथपथ है।



आर्मी ग्राउंड में विपिन की लाश के ऊपर उसकी बाइक पड़ी मिली।

### सीसीटीवी में दिखा तालिब

पुलिस ने आर्मी ग्राउंड के आसपास के सीसीटीवी खंगालने शुरु किए। इसमें एक फुटेज में विपिन एक युवक के साथ जाता दिखा। घरवालों से पूछने पर पता चला कि ये युवक विपिन का दोस्त तालिब है।जो वेल्डिंग का काम करता है।

घरवालों ने पुलिस को बताया कि रविवार रात विपिन-तालिब के ही साथ गया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों ने मिलकर रात में शराब पार्टी की थी। इसके बाद तालिब ने ईंट मारकर विपिन की हत्या कर दी और उसकी लाश छोड़कर भाग गया।

# बरेली में कैनविज कंपनी का सीईओ भगोड़ा घोषित

## 25 हजार का इनाम तय, 800 करोड़ की ठगी का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी



बरेली । बरेली में निवेशकों का पैसा दोगुना करने और प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये जुटाने के आरोपों में घिरे कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बरेली पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस की टीमें पिछले करीब एक वर्ष से उसकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। कन्हैया लाल गुलाटी पर आरोप है कि उसने निवेश योजनाओं और प्लॉट उपलब्ध कराने के नाम पर देशभर के लोगों से बड़ी रकम जुटाई। निवेशकों को आकर्षक रिटर्न और धनराशि दोगुनी होने का भरोसा दिया गया, लेकिन बाद में कंपनी और उसका प्रबंधन निवेशकों की पहुंच से बाहर हो गया। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि करीब दो लाख लोगों से 800 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि एकत्र कर हड़प ली गई। हजारों निवेशक वर्षों से अपनी जमा पूंजी वापस पाने के लिए पुलिस और अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। पुलिस के अनुसार कन्हैया लाल गुलाटी के खिलाफ केवल बरेली में ही 60 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा उत्तराखंड, झारखंड समेत अन्य राज्यों में भी धोखाधड़ी और निवेशकों का पैसा हड़पने के आरोप में कई मामले दर्ज किए गए हैं।

फास्ट न्यूज

### गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी का किचन बंद होगा

गाजियाबाद। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के सेंट्रल पार्क में संचालित रसोई पर अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सोसायटी प्रबंधन को आवश्यक अनुमति और लाइसेंस प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि वैध अनुमति उपलब्ध नहीं है तो रसोई का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

### हरदोई के कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

हरदोई। लखनऊ में हुई हालिया घटना के बाद हरदोई का अग्निशमन विभाग सक्रिय हो गया है। मंगलवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी शिवराम सिंह यादव और एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर स्थित कोचिंग संस्थानों और कंप्यूटर सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी सामने आई। निरीक्षण के दौरान, जिंदपीर चौराहे पर स्थित विशाल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में सुरक्षा व्यवस्था शून्य पाई गई।

### कुलपति के आदेश के बावजूद खत्म नहीं हुई अटैचमेंट व्यवस्था

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज में शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्रवाई अधूरी मानी जा रही है। अब तक केवल चार शिक्षकों को उनके मूल तैनाती स्थल पर भेजा गया है, जबकि एक दर्जन से अधिक शिक्षक अभी भी विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय से संबद्ध हैं।

## 15 वर्षों की सेवाओं के बाद मंडलीय अध्यक्ष पद से डॉ. अखिलेश यादव का त्यागपत्र

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के आगरा मंडल के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. अखिलेश यादव, प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा, बलदेव (मथुरा) ने पदोन्नति के उपरांत नैतिक आधार पर अपने संघीय पद से त्यागपत्र दे दिया है।

डॉ. अखिलेश यादव ने लगभग 15 वर्षों तक मंडलीय अध्यक्ष के रूप में संगठन की सेवा करने के बाद अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार भड़ाना एवं प्रदेश महामंत्री रवि भूषण को प्रेषित किया। उन्होंने त्यागपत्र के माध्यम से संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन हमसे नहीं, हम संगठन से हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों के लिए समर्पण तथा शोषण के विरुद्ध संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा। त्यागपत्र भेजने से पूर्व उन्होंने मंडलीय मंत्री चंद्रवीर सिंह को भी अपने निर्णय से अवगत कराया।

गौरतलब है कि 23 जून 2026 को मथुरा में राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश का प्रांतीय चिंतन शिविर आयोजित होने जा रहा है। शिविर में प्रदेश के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री भाग लेकर संगठन के विभिन्न विषयों पर चिंतन और मंथन करेंगे।

डॉ. अखिलेश यादव का यह निर्णय संगठनात्मक नैतिकता एवं आदर्श नेतृत्व का उदाहरण माना जा रहा है, जिसकी शिक्षक समाज में व्यापक चर्चा हो रही है।

## लिखा- नहीं हो सकता भैया, महराजगंज में आंसर की आने के बाद परेशान थी, भाई जैसा डॉक्टर बनना चाहती थी

# नीट छात्रा फंदे से लटकी

तमसा संकेत, एजेंसी

महराजगंज। महराजगंज में नीट एग्जाम देकर लौटी छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी। वह घटना के समय घर पर अकेली थी। छात्रा के शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था- मेरे से कुछ नहीं हो सकता मेरे भैया जी। घर वाले छात्रा को लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को डॉक्टर भाई ने बताया- हम लोगों ने एग्जाम को लेकर बहन पर कभी दबाव नहीं बनाया। बल्कि, उसे भरोसा दिलाया था कि सरकारी सीट मिले या नहीं, डॉक्टर बनने का उसका सपना हर हाल में पूरा कराएंगे। घटना सोमवार दोपहर सदर कोतवाली क्षेत्र के चौपरिया कंचनपुर गांव की है।



अस्पताल में छात्रा के शव से लिपटकर भाई बिलख कर रोता रहा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चौपरिया कंचनपुर गांव में NEET छात्रा ने फंदे से लटक कर जान दे दी। छात्रा के भाई अभिनव भारती 2021 बैच के MBBS डॉक्टर हैं। बहन भी उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर डॉक्टर बनना चाहती थी। इसी सपने को सच करने के लिए वह नीट की तैयारी कर रही थी।

अभिनव भारती ने बताया कि, बहन ने 3 मई को NEET परीक्षा दी थी। उसका पेपर बहुत अच्छा नहीं हुआ था। हम लोग उसे लगातार समझा रहे थे कि अगर सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं मिला तो BAMS, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज या अन्य विकल्पों के जरिए उसकी पढ़ाई पूरी कराएंगे।

पेपर लीक विवाद और परीक्षा दोबारा होने की चर्चाओं की वजह से बहन बीते एक महीने से परेशान थी। वह ठीक से पढ़ाई भी नहीं कर पा रही थी। परिवार वाले लगातार उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे।

### भाई बोला- सिर्फ 15 मिनट के लिए बाहर गया था

रविवार को परीक्षा से जुड़ी आंसर की से उत्तरों का मिलान करते समय वह परेशान हो गई। उसे लगने लगा कि वह सफल नहीं हो पाएगी। इसी मानसिक दबाव में उसने जान दे दी। भाई ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। वह खुद घर पर मौजूद थे, लेकिन करीब 15 मिनट के लिए बाहर चले गए थे। पिता अमरजीत किसान हैं। बेटी की पढ़ाई और तैयारी में परिवार ने पूरा सहयोग दिया था। दो भाइयों में छात्रा इकलौती बहन थी। उसके बड़े भाई अभिनव भारती ने 2021 में नीट (NEET) परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। वह इस समय देवरिया मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे हैं।



चंचल NEET परीक्षा देने के बाद से परेशान रहने लगी थी।

> **सदर एसएचओ निर्भय सिंह ने बताया-छात्रा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस हर एंगल से केस की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

## विद्युत कर्मी संघर्ष समिति ने कहा कि तथ्यहीन आधार पर की गई कार्रवाई

# कोचिंग सेंटर अग्निकांड में ईई को निलंबित करना अन्यायपूर्ण

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। अलीगंज कोचिंग सेंटर अग्निकांड की दर्दनाक घटना ने पूरे उत्तर प्रदेश को झकझोर दिया है। इस हृदयविदारक दुर्घटना पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। समिति ने मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। समिति ने घटना के बाद अधिशासी अभियंता (कलेक्शन), जानकीपुरम जोन को निलंबित किए जाने को पूरी तरह अन्यायपूर्ण, तथ्यहीन और जल्दबाजी की गई कार्रवाई करार दिया। समिति ने दावा किया कि उपलब्ध दस्तावेज और तकनीकी तथ्यों के मुताबिक इस अभियंता का अग्निकांड से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। फिर भी उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि उक्त कोचिंग सेंटर को वर्ष 2016 में ही व्यवसायिक (कमर्शियल) बिजली कनेक्शन दिया गया था। उस समय 20 किलोवाट तक की भार वृद्धि भी स्वीकृत की गई थी। अप्रैल, मई और जून 2026 में विद्युत मांग 20 किलोवाट से अधिक दर्ज हुई, लेकिन वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग लागू होने के बाद यह जानकारी अधिशासी अभियंता को जुलाई माह में ही प्राप्त होती। इसलिए जून में हुई घटना के लिए अभियंता को जिम्मेदार ठहराना तथ्यों के सर्वथा विपरीत है।

समिति ने निलंबन आदेश में लगाए गए आरोप को भी सरासर तथ्यहीन बताया कि स्वीकृत भार से अधिक उपयोग की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई।





### बिजली विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कनेक्शन तक सीमित

समिति ने बताया कि विद्युत वितरण निगम की जिम्मेदारी उपभोक्ता को कनेक्शन देने और दस्तावेज जांचने तक सीमित है। नया कनेक्शन जारी करने से पहले भवन स्वामित्व के कागजात, बी एंड एल प्रमाणपत्र (Bond & Load/Work Completion Certificate) आदि जरूरी दस्तावेज लिए जाते हैं। बी एंड एल प्रमाणपत्र लाइसेंसधारी विद्युत ठेकेदार जारी करता है, जिसमें आंतरिक वायरिंग, अर्थिंग और सुरक्षा मानकों की पुष्टि की जाती है। भवन के अंदर की पूरी विद्युत व्यवस्था, रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी भवन स्वामी तथा संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की होती है।

**प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार अग्निकांड शॉर्ट सर्किट या भवन की आंतरिक बिजली लाइन में तकनीकी खामी के कारण हुआ लगता है। कोचिंग सेंटर जैसे सार्वजनिक भवनों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास, सुरक्षा ऑडिट आदि की जिम्मेदारी भवन स्वामी और प्रशासन की है।**

# कानपुर में महिला सिपाही ने चूड़ी पीसकर खा ली

## कानपुर में पति से विवाद हुआ था, अस्पताल में भर्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में तैनात एक महिला सिपाही का उसके पति से विवाद हो गया। गुस्से में महिला सिपाही ने चूड़ियां पीसकर खा लीं। हालत बिगड़ने पर साथी पुलिसकर्मी उसे तत्काल घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कानपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरा मामला घाटमपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, घाटमपुर थाने में तैनात महिला सिपाही प्रियंका चौधरी के पति संतोष मेरठ पुलिस में सिपाही हैं। सोमवार देर शाम संतोष घाटमपुर आए थे। इस दौरान किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद संतोष वापस मेरठ लौट गए। मंगलवार को महिला सिपाही प्रियंका थाने के CCTNS कक्ष में ड्यूटी पर थीं। ड्यूटी के दौरान उनकी पति से फोन पर फिर बातचीत हुई, जो विवाद में बदल गई। इसके बाद उन्होंने चूड़ियां पीसकर खा लीं।



साथी पुलिसकर्मियों ने उनकी तबीयत बिगड़ती देख तत्काल उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घाटमपुर इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि महिला सिपाही को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### गोरखपुर में कोचिंग ...

कई कोचिंग संस्थानों ने सुबह छात्रों को क्लास संचालित होने का संदेश भेजा था, लेकिन दोपहर में दूसरा संदेश भेजकर क्लास रद्द कर दी। इसके बावजूद कई छात्र तय समय पर कोचिंग पहुंच गए, जहां ताला बंद मिलने पर उन्हें वापस लौटना पड़ा।

कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीएम दीपक मीणा और जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल के निर्देश पर सुबह से ही जांच अभियान शुरू किया गया। जांच की सूचना फैलते ही हरिओम नगर क्षेत्र की 12 से अधिक कोचिंग संस्थाएं दोपहर तक बंद हो गईं। इस क्षेत्र में टीईटी, जेईई और नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

### अयोध्या में डीएम ...

अधिकारियों ने संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान तीनों अफसर आकाश कोचिंग भी पहुंचे और यहां के मानकों की जांच की।

### अखिलेश बोले- अब...

अखिलेश ने कहा- होटल लेवाना में जब आग लगी थी, मुख्यमंत्री ने कहा था 24 घंटे में बुलडोजर चल जाएगा। लेकिन, क्या उस बिल्डिंग पर बुलडोजर चला? यहां गरीबों को उजाड़ने के लिए किसने आग लगा दी थी? इस सरकार में अहंकार भरा हुआ है। इन्होंने अकबरनगर के लोगों को किस तरह से बुलडोजर चलाकर हटा दिया था। अब बुलडोजर किसका इंतजार कर रहा है?

### राममंदिर चढ़ावा चोरी ...

इसके बाद गृह मंत्रालय तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए।

राम मंदिर चोरी मामले में 5 आरोपियों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है। इसके अलावा, चंपत राय के करीबी टिन्नू के घर से सोना मिला था। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, चोरी 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है।

राम मंदिर के चढ़ावा चोरी के मामले में श्रीराम सेना ने राम जन्मभूमि थाना पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए सेवादार अनिल मिश्रा समेत अन्य संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नारको टेस्ट कराए जाने की मांग की।

दिनेश सिंह ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई से ही करोड़ों राम भक्तों की आस्था मंदिर के प्रति बनी रह सकेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल इस मुद्दे को लेकर राम मंदिर की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### भरत तिवारी ...

भोजपुर जिले के शाहपुर थाने में भरत तिवारी उर्फ भरत भूषण तिवारी की मां आशा देवी के आवेदन पर सोमवार को एक नई एफआईआर दर्ज की गई। इसमें आरोप लगाया गया कि 17 जून को सुबह डीएसपी एवं थानेदार के नेतृत्व में पुलिस टीम उनके घर आई थी। पुलिस उनके बेटे भरत को लेकर जवइनिया बाढ़ विस्थापितों के लिए आवंटित जमीन की ओर ले गई। यहां के लोगों की समस्या को भरत तिवारी लगातार फेसबुक लाइव के जरिए उठा रहा था।

मां ने कहा कि वहां पहुंचने पर भरत तिवारी ने पुलिस के सामने अपना हथियार फेंककर सरेंडर कर दिया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे धक्का देकर गड्ढे में गिरा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद डीएसपी ने गोली चलाने का आदेश दिया। फिर पुलिसकर्मियों ने भरत को 5 गोलियां मारकर घायल कर दिया और गाड़ी में लादकर चले गए। शाम में पुलिस की ओर से जानकारी दी गई कि भरत तिवारी की मौत हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भरत के पिता काशीनाथ तिवारी को भी शाहपुर पुलिस ने 2 दिन थाने में बंद रखा था। फिलहाल, शाहपुर थाना पुलिस ने मां के आवेदन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एनकाउंटर के दौरान मौजूद रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर हत्या का आरोप लगा है। इस केस की जांच इंस्पेक्टर संजीव कुमार को सौंपी गई है।

### थानेदार समेत 5 ...

साथ ही स्थिति को नियंत्रित करने में भी उन्होंने लापरवाही बरती।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी ...

शिक्षा माफियाओं को घुटने पर लाएंगे- कुछ लोग जानबूझकर शिक्षा को डिरेल करने की कोशिश कर रहे हैं। फिर चाहे वो कोचिंग सेंटर वाले हों या फिर शिक्षा माफिया हों, इन पर नजर रखी जा रही है। हम इन्हें घुटने पर लाएंगे, नहीं तो हम देश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकते हैं।

स्टूडेंट्स के सुसाइड पर राजनीति- सुसाइड करने वाले बच्चों की फोटो लगाकर राजनीति करना कांग्रेस का निम्न स्तर का काम है। परीक्षा से 2-3 दिन पहले सुसाइड करने वाले बच्चों की लिस्ट निकालते हैं, इससे घिनौना कम कुछ नहीं हो सकता है। राहुल गांधी या कांग्रेस की तरफ से सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए एक भी पॉजिटिव सुझाव नहीं मिला है।

### 65 हस्तियों को मिले ...

इन्हें भारतीय महिला हॉकी की 'द ग्रेट वॉल' के नाम से जाना जाता है। लगातार तीन बार FIH गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वे कई पीढ़ियों की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

जाने-माने एक्टर, फ़िल्ममेकर और स्क्रीनराइटर माधवन रंगनाथन को भारतीय सिनेमा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।

अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत को कला के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड उनके भाई अरविंद ने लिया।

चार दशकों के करियर में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर सतीश शाह ने कई फिल्मों और यादगार टीवी शो में काम किया।

इंडोलॉजी की मशहूर प्रोफेसर और भाषाविद् डॉ. ल्यूडमिला खोखलोवा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

### बिजनेसमैन की बेटी...

इस साल नवंबर में राजस्थान के उदयपुर स्थित एक शाही पैलेस में दोनों की शादी होने वाली थी।

यह शादी दोनों के परिवारों ने तय की थी। घर में तैयारियां भी शुरू थीं। मेहमानों के लिए दो चार्टर्ड प्लेन की व्यवस्था भी की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी पर परिवार करीब 17 करोड़ खर्च करने वाला था।

केतन के पिता ने कहा- मेरी सरकार से अपील है कि इस केस को फास्ट-ट्रैक किया जाए। आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए। उन्हें सबसे सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि सबको बड़ा मैसेज जाए। केतन की मां ने कह- मेरे बेट की मौत के लिए सिया और उसका बॉयफ्रेंड जिम्मेदार हैं। सिया ने मुझे धोखा दिया और झूठ बोला। मैं सिया, उसका बॉयफ्रेंड, उसके माता-पिता और बुआ-फूफा के लिए मौत की सजा की मांग करती हूं।

### सेंसेक्स 893 अंक ...

सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो आज सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मेटल में 3.22 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.23 फीसदी गिरकर बंद हुई। इसके अलावा, निफ्टी मीडिया में 1.47 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.77 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.97 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.77 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 1.12 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.50 फीसदी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.90 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

